कृष्ण काव्य पीयूष

श्री राम चरित भवन, ह्युस्टन, यू.एस.ए. द्वारा 'कृष्ण काव्य पीयूष' शीर्षक से एक काव्य संग्रह के प्रकाशन की योजना है जिस में भगवान श्री कृष्ण और उनसे सम्बन्धित उत्कृष्ट कविताएँ संकलित की जाएँगी। प्रथम चरण में यह संग्रह ई-बुक के रूप में प्रकाशित होगा। इस संदर्भ में आप अपनी कविता भेजने के लिए सादर आमंत्रित हैं। संग्रह में प्रकाशन के लिए निर्देश व नियम निम्न प्रकार हैं:

1. कविता स्वरचित होनी चाहिए। कॉपीराइट का अंतिम दायित्व लेखक का होगा।

2. रचना के प्रस्ताव की रूपरेखा नीचे दी गई है।

3. रचना का विषय श्री कृष्ण और उनकी जीवन लीला से संबधित होना चाहिए।

4. सभी भाषाओं की कविताओं का स्वागत है। यदि कविता हिंदी अथवा अंग्रेजी में न हो तो उसका हिंदी अथवा अंग्रेजी में अनुवाद साथ में होना चाहिए।

5. रचना में श्री कृष्ण या किसी अन्य देवी-देवता का अनादर करता कोई आपत्तिजनक विचार नहीं होना चाहिए। कविता से किसी भी धर्म और समाज की आस्था एवं भावनाओं को ठेस नहीं पहुँचनी चाहिए।

6. कविता यूनीकोड फॉन्ट में होनी चाहिए। अन्य फॉन्ट की कविताओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. वर्तनी/व्याकरण की गलतियों वाली कविताएँ स्वीकृत नहीं की जाएँगी।

8. एक रचनाकार से अधिकतम दो रचनाएँ स्वीकार की जाएँगी।

9. रचना के अंत में निम्नलिखित घोषणा पत्र देना आवश्यक है-

"मैं यह घोषित करता/करती हूँ कि मेरी कविता स्वरचित हैं तथा 'कृष्ण काव्य पीयूष' में प्रकाशन हेतु मेरी सहमति है। मैं किसी कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं कर रहा/रही हूँ। मैं 'श्री राम चरित' भवन से प्रकाशित होनेवाली पुस्तक, ई-पुस्तक, ध्वनि पुस्तक 'कृष्ण काव्य पीयूष' (या समकक्ष शीर्षक) में अपनी रचना के प्रकाशन की सम्मति देता/देती हूँ।"

10. रचना की स्वीकृति/अस्वीकृति का अंतिम निर्णय सम्पादक मण्डल द्वारा लिया जाएगा जो रचनाकार को अधिकतम एक मास में भेज दिया जाएगा। कविता को आमूल अक्षुण्ण रखते हुए उसमें आवश्यकतानुसार संशोधन का अधिकार संपादक मंडल के पास रहेगा।

11. प्रकाशित कविता पर पारिश्रमिक अथवा मानदेय का कोई प्रावधान नहीं है।

कविता भेजने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2021

कविता प्रधान संपादक को इस ईमेल पर भेजें- kkp@ramacharit.org

कृष्ण काव्य पीयूष के विषय में संपर्क स्थापित करने की लिए इसी ई-मेल पर लिखें।

सम्पादक मण्डल

ओमप्रकाश गुप्ता (प्रधान संपादक, यू.एस.ए.)
अलका प्रमोद (भारत)
आरती गोयल (दुबई)
विनीता मिश्रा (भारत)
शार्दुला नोगजा (सिंगापुर)
शैल अग्रवाल (यु.के.)
शैलजा सक्सेना (कनाडा)
हरिहर झा (ऑस्ट्रेलिया)
शिवप्रकाश अग्रवाल (प्रबंधक संपादक,भारत)

प्रस्तावित रूपरेखा (Proposed Format for submission)

1. **कविता का शीर्षक**
2. **रचनाकार का नाम**
3. **रचनाकार का संक्षिप्त परिचय (50 शब्दों में सीमित)**
4. **रचनाकार का ईमेल आई.डी.**
5. **रचनाकार का व्हाट्सप्प फोन नंबर**
6. **रचनाकार का पूरा पता (देश के नाम के साथ)**
7. **क्या आप श्री राम चरित भवन के सदस्य हैं?**
   (सदस्यता के लिए www.ramacharit.org देखें)
8. **रचनाकार की कविता**
9. **घोषणा पत्र कवि के नाम के साथ**